प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 2 हजार से अधिक शहरों और कस्बों में दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिसमें फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है। इस अभियान के तहत डीएलसी शिविरों का निरीक्षण करने के लिए विभाग के निदेशक राकेश कुमार 7 नवंबर को डाल्टनगंज का दौरा करेंगे और स्थानीय बैंकों और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के समन्वय की समीक्षा करेंगे।

****

घाटशिला में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास मुहिम की सराहना की, वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर व्यवसायियों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को व्यवसायियों से माफी मांगनी चाहिए।

****

साहिबगंज जिले में छह महीने के प्रशिक्षण के बाद आज 264 नव नियुक्त चौकीदारों को विधिवत रूप से पदस्थापित किया गया। जैप–9 ग्राउंड में आयोजित परण परेड समारोह में उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने चौकीदारों को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। इन चौकीदारों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ–साथ भू–मापन और कार्यालयी कार्यों की दक्षता का भी प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम में नवनियुक्त दफादारों ने आंख पर पट्टी बांधकर हथियार खोलने और जोड़ने का प्रदर्शन किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

****

चाईबासा में एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के बाद खूंटी सदर अस्पताल का ब्लड बैंक भी चर्चा में है, जहां लाइसेंस रिन्यूअल की प्रक्रिया फरवरी से लंबित है। सिविल सर्जन डॉक्टर नागेश्वर मांझी ने बताया कि रिन्यूअल के लिए चालान ऑनलाइन सबमिट कर दिया गया है और सरकार से एक सप्ताह में अनुमति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जिले में थैलेसीमिया, सिकलसेल और एनीमिया के मरीजों को रोजाना औसतन 10 यूनिट खून की जरूरत पड़ती है और सभी जांच स्टैंडर्ड मशीनों से की जाती है।

****

लोहरदगा जिले मे साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची सहित सभी जिले में ठंड बढ़ने लगी है और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य में फिलहाल आसमान साफ रहेगा, हालांकि सुबह और रात में कई जिलों में कुहासा छाया रहेगा। पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है। सरायकेला में सबसे अधिक तापमान 32 द''ामलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, वहीं लातेहार में न्यूनतम तापमान गिरकर 15 द''ामलव 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

****